तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 कॉलेज के छात्रों ने देखी नवीन विधानसभा भवन की कार्रवाई



14 ड्रोन और 3 डी तकनीक से शहर का डिजीटल नक्शा तैयार











## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 23 को

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में बीसीए एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के ऑफिस ऑटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसम्बर को प्रातः 9:30 बजे होगी। छात्र-छात्राएं अनिवार्य रूप से कॉलेज में प्रवेश पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा की कॉपी के साथ नियत समय पर उपस्थित हों। यह जानकारी डॉ आशीष नामदेव कॉम्पटेक महाविद्यालय ने दी।

### मेघा में मड़ई मेला 4 जनवरी को

**मगरलोड।** गौरव ग्राम मेघा में ग्रामवासियों के सहयोग से 4 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी खोकसा भवरपुर महासमुंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी दिनेश साहू ने दी।

### अंवरी में पंथी स्पर्धा 25-26 एवं 27 को मड़ई

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती पर पंथी प्रतियोगिता 25 एवं 26 दिसंबर को एवं 27 दिसंबर को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सुर संगम अंनत छत्तीसगढ़ लोककला मंच आकाश आनंद जांजगीर-चांपा की प्रस्तुति होगी। तैयारी में सतनामी समाज एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

शहर के मध्य संचालित मिलों को स्थानांतरण करने की मांग उठी

# आवासीय क्षेत्र की राइस मिलों से वायु प्रदूषण का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महानगरों के साथ-साथ छोटे शहर भी वायु प्रदूषण की गिरफ्त में आने लगे हैं। वह दिन दूर नहीं जब एक लाख की जनसंख्या वाले धमतरी शहर की गिनती प्रदूषित शहर में हो। स्वच्छ और सुंदर धमतरी के लिए आवासीय क्षेत्र में मौजूद दर्जनों राइस मिलें बड़ा रोड़ा हैं। इसके बावजूद नगर निगम तथा नगर निवेश के पास आवासीय क्षेत्र से राइस मिलों के ▶▶ शेष पेज 13 पर



### दमा के शिकार हो रहे हैं वार्डवासी

शीतलापारा वार्ड पार्षद उमा भागीरथी ध्रुव ने बताया कि उसके वार्ड के मुख्य मार्ग में राइस मिलें हैं। चिमनी और बायलर के धुएं में शामिल राखड़ घरों की छतों तथा दीवार में जम जाता है। इससे छत में कपड़ा नहीं सुखा सकते। वहीं बड़ी भी बनाना दुश्वार है। वायु प्रदूषण के चलते वार्ड के लोगों में दमा सहित सशस्थ्य संबंधी बीमारी हो रही है। शहर के आवासीय क्षेत्रों से राइस मिलों का स्थानांतरण किया जाना चाहिए।

### आंखों के लिए खतरा : प्रो. अमर सिंह

प्रोफेसर अमर सिंह साहू ने बताया कि शहर में धूल से ज्यादा चिमनियों से निकलकर वातावरण में उड़ते राखड़ आंखों के लिए बड़ा खतरा है। यह आंखों पर चिपक जाता है। डॉक्टर के पास अधिकांश मरीज इसी समस्या को लेकर जाते हैं।

### शहर में मानकों की अधिकारियों से जांच कराई जायेगी

शहर के आवासीय क्षेत्रों की राइस मिलों के स्थानांतरण को लेकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि आवासीय क्षेत्र से कारखानों का स्थानांतरण राष्ट्रीय एवं स्थानीय कानूनों के तहत होता है। वे नियम सुनिश्चित करते हैं कि औद्योगिक गतिविधियां सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरे में न डालें और पर्यावरण मानकों का पालन करें। शहर में मानकों की क्या स्थिति है, संबंधित अधिकारियों से जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### धमतरी की वायु प्रदूषण गुणवत्ता संतोषजनक

राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) वायु प्रदूषण को मापने का काम करता है। यह आम जनता को वायु गुणवत्ता के बारे में सूचित करता है कि हवा कितनी साफ और प्रदूषित है और इससे स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकता है। प्रमुख वायु प्रदूषण में पार्टिकुलेट मैटर, ओजोन, नाइट्रो डाइआक्साइड, सल्फ डाइआक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड प्रमुख है। वायु गुणवत्ता की रेंज 0 से 50 अच्छी मानी जाती है। 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम इसमें संवेदनशील लोगों को सांस लेने में हल्की कठिनाई, 201 से 300 फेफड़े की बीमारी वाले व्यक्ति तथा बच्चों, बुजुर्गों को सांस लेने में कठिनाई, 301 से 400 में अधिकांश लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या, 401 से 500 सूचकांक पर स्वस्थ लोग प्रभावित होंगे। आपातकालीन स्थिति बनेगी। गूगल के अनुसार धमतरी की एयर क्वालिटी 52 है जो संतोषजनक है।

# रफ्तार का कहर : अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत, मां-बेटी घायल

- शोक कार्यक्रम से लौट रहे परिवार पर टूटा कहर, कार चालक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी मुख्य मार्ग पर दुगली के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। धमतरी की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4698 के चालक ने ओवरटेक करने के दौरान नगरी की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 07 एक्यू 4117 को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक चालक भुनेश्वर साहू (30 वर्ष) निवासी टेमरी जामगांव की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में बाइक पर सवार मृतक की सास गीताबाई साहू (45 वर्ष) पति भानूराम साहू एवं सीमा साहू (16 वर्ष) पिता भानूराम साहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को दुगली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि सभी शोक कार्यक्रम से लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही दुगली थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



घायल मां



घायल बेटी

दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

हादसे के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र राज ध्रुव, यशवंत यादव, अमित सेन सहित अन्य राहगीरों ने 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना देकर सहयोग किया। 108 एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंच पाने पर नगरी निवासी कमलेश कुमार साहू ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी निजी वाहन से घायल मां, बेटी को दुगली अस्पताल पहुंचाया।

उल्लेखनीय है कि धमतरी-नगरी राजमार्ग पर भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही रहती है। यह मार्ग जिला मुख्यालय, राजधानी एवं उड़ीसा प्रांत को जोड़ता है, जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में मालवाहक वाहन गुजरते हैं। मार्ग से ब्रेकर हटाए जाने के बाद तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और आए दिन आम नागरिक हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं दुर्घटना की स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा के लिए ▶▶ शेष पेज 13 पर

## सड़क हादसे में भांजे की मौत, मामा घायल

धमतरी। परीक्षा दिलाकर भिलाई से मामा के साथ वापस लौट रहे भांजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वहीं घटना में मामा घायल हो गया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार किशन मरकाम पिता झुनऊराम उम्र 21 वर्ष ग्राम भुरसीडोंगरी थाना सिहावा निवासी अपने मामा उधोराम नेताम उम्र 28 वर्ष ग्राम अड़मुड़ा थाना दुगली निवासी के साथ शुक्रवार को मोटरसाइकिल से रेलवे की परीक्षा दिलाने भिलाई गया था। जहां से



देर शाम दोनों लौट रहे थे। नगरी रोड से गुजरी रही उनकी मोटरसाइकिल केरेगांव जंक्शन के पास अचानक गड्ढे में गिर गई। इ घटना में किशन के सिर व पैर में गंभीर चोट लगी थी। वहीं मामा उधोराम के पैर में चोट आई है। एम्बुलेंस की मदद से घायल किशन को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया। गया जहां से रिफर होने पर घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई।

# हेरोइन बेच रहा युवक गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इंडोर स्टेडियम के पास हेरोइन-चिट्टा की बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 58 हजार 400 रूपये का मादक पदार्थ जप्त किया है।

पुलिस को मुखबिर से आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम के पास एक युवक रवि सोनी द्वारा अवैध रूप से हेरोइन-चिट्टा की बिक्री किये जाने की सूचना मिली। जानकारी से तत्काल धमतरी एसपी को अवगत कराया गया। एसपी श्री परिहार द्वारा तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने पुलिस को निर्देशित किया गया। निर्देश का पालन करते कोतवाली पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। पुलिस टीम मुखबिर के बताये गये स्थान इंडोर स्टेडियम के पास पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर स्टेडियम के ग्राउंड गेट के पास युवक को अवैध रूप से मादक पदार्थ हेराइन-चिट्टा रखकर बिक्री करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी रवि सोनी पिता मोतीलाल उम्र 39 वर्ष शीतलापारा मंदिर के पास जोधापुर वार्ड धमतरी निवासी के खिलाफ धारा 21-ए एनडीपीएस के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी रवि सोनी के कब्जे से हेरोइन 2 ग्राम 920 मिलीग्राम अनुमानित कीमत 58 हजार 400 रूपये, एक मोबाइल फोन कीमत 4 हजार, एक मारूति कार कीमत 1 लाख 20 हजार व नगदी 39 हजार रूपये कुल 2 लाख 21 हजार 400 रूपये की संपत्ति जप्त की है। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ धमतरी पुलिस द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है।




## खबर संक्षेप

### भीमसेना के हमले से घायल बड़ेतेवड़ा के मांझी एवं ग्रामीणों से विधायक विक्रम ने की मुलाकात

**कांकेर।** विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम बड़ेतेवड़ा में हाल ही में हुए भीम सेना के कथित हमले में घायल हुए गांव के मांझी, ग्रामीणों एवं जवानों से विधायक विक्रम उसेंडी ने जिला अस्पताल पहुंचकर माँझी, ग्रामीण एवं घायल जवानों से मुलाकात किया। विधायक ने घायलों का हालचाल जाना, चिकित्सकों से उनके इलाज की जानकारी ली तथा बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक विक्रम उसेंडी ने स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर घायलों के समुचित इलाज की जानकारी लिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने सभी घायलों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी निर्दोष ग्रामीण के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। बताया गया कि बड़ेतेवड़ा गांव में आपसी विवाद के दौरान भीम सेना के कुछ लोगों द्वारा मांझी एवं ग्रामीणों पर हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया था।

### मवेशी को बचाते वाहन हुआ बेकाबू पेड़ से टकराया हुई चालक की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम मरकाटोला के पास सड़क पर खड़े मवेशी को बचाने के चक्कर में वाहन का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। वाहन सड़क के नीचे ऊतर गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चालक का इलाज के दौरान मौत होने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि 13 नवंबर को योगेश कुमार आतराम, शरद कुमार रजक, अभिजीत राणा, धनजय देहारी, युगल किशोर साहू कांकेर में अपना काम निपटा कर रात करीबन 9 बजे योगेश कुमार आतराम के कार मारूति एस प्रेसो सीजी 19 बीएल 9749 में बैठकर वापस अंतागढ़ आ रहे थे। कार :शेष पेज 12 पर को योगेश कुमार आतराम चला रहा था एवं सामने वाले सीट पर शरद कुमार रजक बैठा था। अभिजीत राणा, धनजय देहारी, युगल किशोर पीछे बैठा था। ग्राम मरकाटोला राधा स्वामी आश्रम के पास पहुंचे थे। वहां रोड़ पर दो जानवर भैंसा खड़ा हुआ था।

## निधन

### अंकलहा राम साहू



**धमतरी।** ग्राम गोपालपुरी निवासी अंकलहाराम साहू 85 वर्ष का निधन हो गया। वे तिलोचन साहू के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

**समक्ष नोटरी महोदय जिला धमतरी (छ.ग.)**

रोहिणी नेताम (ROHINI NETAM) पति हेमंत कुमार नेताम (HEMANT KUMAR NETAM) निवासी कोटगांव पो. दरबा तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) ..... शपथकर्ती

**शपथपत्र**

मैं शपथकर्ती सत्यनिष्ठा पूर्वक नीचे लिखे अनुसार कथन करती हूँ :-

1. यह कि मैं शपथकर्ती शपथ करती हूँ कि मेरा नाम पता व सकुनत ऊपर लिखे अनुसार सही है।
2. यह कि मैं शपथकर्ती शपथ करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3076 0599 8388 में मेरा नाम रोहाणी बाई नेताम (ROHANI BAI NETAM) अंकित है एवं मेरे मतदाता परिचय पत्र क्रमांक HHN2622983 में मेरा नाम रोहिणी नेताम (ROHINI NETAM) दर्ज है।
3. यह कि मैं शपथकर्ती शपथ करती हूँ कि मेरे उपरोक्त आधार कार्ड में दर्ज नाम रोहाणी बाई नेताम (ROHANI BAI NETAM) के स्थान में मतदाता परिचय पत्र के आधार पर रोहिणी नेताम (ROHINI NETAM) दर्ज किया जाए, जो मेरा सत्य एवं सही नाम है।
4. यह कि मैं शपथकर्ती शपथ करती हूँ कि मैंने अपने नाम के संबध में कोई तथ्य नहीं छुपाई है यदि भविष्य में मेरे नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
5. यह कि मैं शपथकर्ती शपथ करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम रोहाणी बाई नेताम (ROHANI BAI NETAM) के स्थान में मतदाता परिचय पत्र के आधार पर रोहिणी नेताम (ROHINI NETAM) दर्ज किये जाने के समर्थन में मेरे द्वारा यह शपथपत्र प्रस्तुत की जा रही है।

अतः यह शपथ पत्र पेश है।

दिनांक : 19/12/2025

शपथकर्ती
रोहिणी बाई

### सर्व समाज ग्राम समन्वय समिति की बैठक में कई मांगों पर हुई चर्चा

# नदी में पुल निर्माण, अधिक पार्किंग शुल्क की वसूली पर रोक लगाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शनिवार को ग्राम करही में सर्व समाज ग्राम समन्वय समिति क्षेत्र करही की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सखाराम गंजीर अध्यक्ष सर्व समाज ग्राम समन्वय समिति क्षेत्र करही ने की।

बैठक में क्षेत्र के विकास, जनसरोकारों एवं सामाजिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समिति ने नगरी मुख्य मार्ग से नरहरपुर-ब्लाक मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर नदी में पुल निर्माण, सोंढूर बांध से नदी-नाली का विस्तार एवं सफाई कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग। इससे ग्राम पंचायत करैहा सहित आसपास के ग्राम आमदी, नवापारा, आरमुड़ा, पलारीखार, झुझराकसा, अर्जुनी, लिटीपारा, सांकरा, चिंवरी, बेड़वापथरा, कुकरीकोना लाभान्वित होंगे। क्षेत्र के गांवों में गाइडलाइन दर से अधिक पार्किंग शुल्क (धार्मिक स्थल) की वसूली पर रोक लगाने तथा धार्मिक परंपराओं के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने निर्णय लिया कि उपरोक्त सभी मांगों को संबंधित विभागों एवं प्रशासन के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा

बैठक में सखाराम गंजीर, जग्गू मरकाम, सरपंच राधेलाल नेताम, सरपंच अनूप कुमार कोर्राम, बलराम नेताम, महेन्द्रराम नेताम, लक्ष्मण कोर्राम, हरिकेश मरकाम, हुजेंद्र पोहा, किशोर मरकाम, आजूराम यादव, अमरसिंह यादव, नेहरूसिंह मरकाम, शिवलाल मारकोले, कृष्ण, गोवर्धन साहू, विष्णुदेव मरकाम सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंवरी में शहीद वीरनारायण सिंह को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

अंवरी में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती चमेली नेताम जिला कोषाध्यक्ष महिला प्रभाग थी। अध्यक्षता श्रीमती रमी गौतम सरपंच शंकरदाह थी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती भूमिका कोराम, कुलंजन सिंह ठाकुर परिक्षेत्र अध्यक्ष गातापार, श्रीमती जमुना बाई ठाकुर परिक्षेत्र अध्यक्ष गातापार, महिला प्रभाग श्रीमती हेमलता ध्रुव, सचिव महिला प्रभाग तहसील कुरुद, श्रीमती नीलिमा ध्रुव, बुधंतीन बाई ध्रुव, सावित्री मंडावी, अजीती बाई ध्रुव, खोमेश्वरी ध्रुव, शारदा मंडावी, केंवरा बाई, चिंता मरकाम , बालाराम ध्रुव, परसराम मंडावी, भीषम ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, कुमार नेताम, गणेश ध्रुव उपस्थित थे। मंच संचालन फलेन ध्रुव तहसील सचिव कुरुद ने किया।

## भोथीडीह सोसाइटी में 784 किसानों ने 90116120.40 रुपए का धान बेचा



- खरीदी केंद्र में 38019 .60 क्विंटल धान जाम ,परिवहन तत्काल शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

धान खरीदी शुरू हुए एक माह से ज्यादा हो गया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह में 38019.60 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। समिति प्रबंधक श्री सिन्हा ने बताया कि 15 नवंबर से लेकर 17 दिसम्बर तक 32 दिनों तक 784 किसान 90116120.40 रूपये की धान बिक्री कर चुके हैं। सोसाइटी अंतर्गत बोड़रा, कमरौद, चारभाटा, भोथीडीह, साकरा, रांकाडीह गांव शामिल है। धान बेचने के लिए 1988 किसानों ने पंजीयन करवाया है। इस वर्ष सोसाइटी को 94 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। फड़ में मोटा धान 10562.40 क्विंटल, पतला 2384.40 क्विंटल तथा सरना धान 25072.80 क्विंटल धान सहित 38019.60 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। किसानों से 18204847.90 रूपये ऋण की वसूली हो चुकी है। 71911272.50 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया गया है। परिवहन नहीं होने से फड़ में धान जाम हो चुका है। दो दिन में धान का परिवहन नहीं होता है तो खरीदी करना मुश्किल हो जाएगा।

## एआई की दुनिया से परिचित हुए विद्यार्थी

- महानदी अकादमी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





महानदी अकादमी में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य शिवकुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। शिक्षक शंकर कुसिलिया, श्रीमती विनीता साहू एवं दीपेश पॉल ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया से परिचित कराया। शिक्षकों ने सरल एवं रोचक उदाहरणों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणा, इसके उपयोग, लाभ तथा भविष्य में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को बताया कि यह तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन एवं दैनिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है।

प्राचार्य शिवकुमार साहू ने कहा कि विद्यालय आने वाले समय में और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त बनेगा। इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु विद्यालय में एआई आधारित इंटरएक्टिव पैनल स्थापित किए गए हैं, जिससे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया अधिक प्रभावी, रोचक एवं आधुनिक बन सकी है। मोहन नाहटा, अजय छाजेड़, निकेश्वर ठाकुर, अहमद रज़ा एवं शशांक सलाम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों को तकनीक का सकारात्मक, नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों नेआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित जिज्ञासाएं प्रस्तुत की, जिनका शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों ने समाधान किया।

## सशिमं उमरगांव के देवेंद्र संयोजक बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सरस्वती शिशु मंदिर उमरगांव में संयोजक मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सरस्वती शिशु मंदिर उमरगांव के तत्कालीन संयोजक स्व. लीलांबर सिंह शेष के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में संयोजक मंडल के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। देवेन्द्र सेन को संयोजक, लालसिंह साहू को अध्यक्ष, विष्णुरथ साहू को उपाध्यक्ष तथा श्रीमती सुभाषिनी मरकाम को सहसचिव चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में फलेंद्र साहू, मोतीराम दिवाकर, कंवल सिंह यादव, अंगेश हिरवानी, चंद्रभान यादव, थानसिंह नाग, धनंजय साहू, कोमल सिंह शेष एवं श्रीमती हुलसी ध्रुव शामिल हैं। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के जिला समन्वयक थानसिंह साहू भी मौजूद थे। बैठक में सभी सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया।

## डुबान क्षेत्र में विकास कार्यों व खेल गतिविधियों को मिलेगा नया आयाम

- विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सीसी रोड, शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने ग्राम कोलियारी में सीसी रोड निर्माण एवं ग्राम अकलाडोंगरी व कोड़ेगांव (र) में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इन कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा के साथ सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी।

इसी अवसर पर ग्राम मोंगरागहन एवं कोड़ेगांव (बी) में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का विधायक ने शुभारंभ किया। डुबान क्षेत्र अंतर्गत मोंगरागहन, कोड़ेगांव (बी), अकलाडोंगरी, कोलियारी, तिर्रा, कोड़ेगांव (र ) एवं डुबान वासियों द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक ओंकार साहू एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर का ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति ने स्वागत किया।

विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि डुबान क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, खेल एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर ग्रामीण अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। डुबान क्षेत्र की वन भूमि पर वन विभाग से अनुमति लेकर खेल मैदान विकसित किया जायेगा। तारिणी चंद्राकर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में तानाजीराव रणसिंह जोन अध्यक्ष, योगेश मार्कण्डे, भारती साहू, जयंत नेताम, लक्ष्मी बाई सोरी, चन्द्रहास जैन, गोलू खान, केशव साहू, पारसमणि साहू, मोती यादव, द्वारका पटेल, अंबिका सिन्हा, अनीता ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल, रमेश कौशिक, सत्यवान ध्रुव, भारत साहू, मनेश कोर्राम, सहदेव तारम, गोविंद साहू, शैलेश समेत अन्य उपस्थित थे।

## गुरू घासीदास के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सतनामी समाज बेलरगांव के तत्वावधान में जैतखाम चालीपारा में सतनामी समाज के आराध्य गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा पूजा-अर्चना कर ताखा चढ़ाया गया। गुरु घासीदास के आदर्शों को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में सतनामी समाज बेलरगांव के अध्यक्ष देवराज कुर्रे, कोषाध्यक्ष उमेश बंजारे, हेमकुमार टंडन, मानकलाल टंडन, अर्जुनलाल चेलक, मनोहरलाल बंजारे, रूपेद्र टंडन, बिसाऊराम बंजारे, आरसी मेरिसा, माखनलाल टंडन, धर्मेंद्र कौर, प्रदीप कौर, शशि बंजारे, विजय टंडन, लता टंडन उपस्थित थे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## गुरु घासीदास के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद श्रीमती हिमानी साहू गुरु घासीदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने बाबाजी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का मार्ग ही समाज को सही दिशा देता है। उन्होंने समाजजनों से गुरु घासीदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया।

## सशिमं में राष्ट्रीय गणित मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय आमातालाब धमतरी में राष्ट्रीय गणित मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विकासचन्द्र पाण्डेय विद्यालय समिति के सदस्य थे। अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप शर्मा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष कुलेश सोनी, नालमणि पावरिया मुख्य वक्ता, सोनसाय साहू वरिष्ठ आचार्य थे। अतिथियों ने जीवन में गणित का महत्व एवं श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर विचार रखे। छात्रों से गणित को रुचिपूर्वक पढ़ने एवं समझने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के छात्रों ने गणित मेला पर गणित प्रयोग, गणितीय पहेलियां, पहाड़ा प्रदर्शन, गणित मॉडल, रंगोली, मेहंदी, गणितीय चार्ट, पाक कला (स्टॉल) में बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय समिति के सदस्य कुलदीप सिंह खनूजा ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

## भाठागांव विद्यालय के दो रेंजर्स छात्रों ने राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा उत्तीर्ण की


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव के दो रेंजर्स विद्यार्थी घनिष्ठा पिता टेमनलाल साहू, यशस्वी पिता घनश्याम साहू कक्षा 12वीं कला संकाय ने राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। शाला के प्राचार्य लच्छूराम निषाद ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने रेंजर गतिविधियों के माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन तथा अनुशासित जीवन शैली में सराहनीय योगदान दिया है।

यह प्रभारी शिक्षिका मेनका निषाद के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रेरणा का परिणाम है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि भाठागांव सहित धमतरी जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भूषण साहू, सरपंच पुष्पलता साहू, आशालता साहू, संगीता मोहबे, जानकी बर्मन, ओपी कुर्रे, हरीश देवांगन, ममता वारदे, नीलम साहू, ख्याति नन्होरया, मोनिका देवांगन, मोनिका ताम्रकार, कल्याणी देवांगन, शीला कोसरे, लखन कंवर, यशवंत साहू, हरिश्चंद साहू, तीजन साहू समेत ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### सामुदायिक भवन के लिए हुआ भूमिपूजन

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम चवेला में आदिवासी हल्बा समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक सावित्री मनोज मंडावी के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर जगजीत नागेश सुनाराम तेता, गिरजा देवी साहू, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, सुनील बबला पाढ़ी, गुरदीप सिंह ढिंढसा, भगवान सिंह कुंजाम, खेमीन बंजारे, नरेन्द्र नागेश, नारद यादव, कोमल देहारी, गोपाल राठी, संदीप सिन्हा, बिसंबर बंजारे, दूरभाषा तिवारी, चरण मरकाम एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित रहें।

### उज्ज्वला व सामान्य गैस के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के समस्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन हितग्राहियों एवं सामान्य गैस कनेक्शन हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी क्रम में हितग्राहियों की सुविधा के लिए विशेष ई-केवाईसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 27 व 28 दिसंबर को आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गुकोंदल में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में ई-केवाईसी कराने के लिए हितग्राहियों को गैस कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आवासीय क्षेत्र की राइस मिलों से वायु प्रदूषण का बढ़ा खतरा

स्थानांतरण का कोई मास्टर प्लान नहीं है। नगर के मध्य आवासीय क्षेत्र बस स्टैंड के पीछे, सुंदरगंज, औद्योगिक वार्ड, नगरी रोड में अधारी नवागांव, हरफतराई मार्ग में मैत्री विहार कालोनी आदि जगहों पर करीब दो दर्जन राइस मिलों के बायलर और चिमनियां धुआं उगल रही है जिससे पूरा शहर वायु प्रदूषण की चपेट में है। यहां के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है।

रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम ने हरिभूमि को बताया कि राइस मिलों की चिमनियों के अलावा बायलर का भी धुआं निकल रहा है, जिसमें कार्बन मोनोडाईआक्साइड, कार्बन डाईआक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड जैसे खतरनाक तत्व रिलीज होते हैं जो वातावरण में फैल जाते हैं। सांस लेने पर हमारी बॉडी के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं जिससे दमा तथा स्वास्थ्य संबंधी बीमारी होती है। उन्होंने बताया कि धुएं से निकलने वाले कार्बन की परतें आसपास के प्लांट में चिपक जाती हैं जिससे पेड़ पौधे प्रकाश संश्लेषण नहीं कर पाता। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। कारखाना क्षेत्र के आसपास का एरिया प्रदूषित होने से मानव सहित पशुओं, पेड़ पौधों का जीवन खतरे में आ जाता है। उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिए चिमनियों में सायक्लोन, बैकफिल्टर, स्कबर लगाया जाता है वहीं बायलर के धुएं का ट्रीटमेंट किया जाता है। चिमनियों में लगाए जाने वाले उपकरणों की उपयोगी सीमा 6 से 12 माह की होती है। इसकी निगरानी नहीं होने से रोकथाम की मशीनों को सालोंसाल तक चलाया जाता है।

### रफ्तार का कहर : अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत मां-बेटी घायल

क्षेत्रवासियों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। दुगली से जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 47 किमी तथा ब्लॉक मुख्यालय 18 किमी होने के कारण एंबुलेंस पहुंचने में घंटों लग जाते हैं, जिससे गंभीर घायलों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दुगली स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी रूप से 108 एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने की मांग की है, ताकि समय पर उपचार मिल सके और जानमाल की क्षति को रोका जा सके।

---

विधायक अजय चंद्राकर के तेजतर्रार अंदाज देख हुए रोमांचित

# कॉलेज के छात्रों ने देखी नवीन विधानसभा भवन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



युवा रक्त वाहिनियों में लोकतंत्र और अपनी विरासत के प्रति चेतना जागृत करने के उद्देश्य से कुरूद विधायक अजय चंद्राकर द्वारा संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के छात्रों को छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा, शहीद वीर नारायण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं छ ग आदिवासी संग्रहालय नवा रायपुर की एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण यात्रा सम्पन्न करवाई गई।

इस भ्रमण यात्रा में एमए. राजनीति विज्ञान विभाग, एमए समाजशास्त्र विभाग एवं एमए लोक प्रशासन विभाग के प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं का 75 लोगों का दल सम्मिलित रहा। यात्रा का प्रथम विराम नवीन विधानसभा भवन नवा रायपुर रहा। वहां पहुंचे छात्र-छात्राओं ने शून्यकाल में सदन में पेश किए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा को सुना। स्थगन प्रस्ताव की तीखी बहस और विपक्ष के विधानसभा के वेल में प्रवेश करने तथा सदन से विपक्ष के सदस्यों की निलंबन की आवश्यक कार्रवाई को भी देखा। शून्यकाल के दौरान विधानसभा में अपने विधायक अजय चंद्राकर के तेज़, त्वरित और सटीक प्रतिउत्तर से विपक्ष को अकेले बैकफुट पर धकेलते दृश्य ने छात्रों को उत्साह एवं रोमांच से भर दिया।

यात्रा का द्वितीय विराम नवा रायपुर स्थित जनजातीय विरासत एवं इतिहास को समर्पित शहीद वीरनारायण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं छग आदिवासी संग्रहालय रहा। यहां छात्र-छात्राओं को इतिहास एवं जनजातीय संस्कृति एवं विरासत का संग्रह देखने को मिला। संग्रहालय में भारतीय स्वतंत्रता का पूर्ण कालक्रम, छग का इतिहास, मूर्ति कला, शिल्प कला, कृषि, वस्त्र, रहन सहन, जीविकोपार्जन के साधन, आखेट के शस्त्र आदि का विशाल संग्रह देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा ने के छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण को लाभकारी एवं आवश्यक शैक्षणिक गतिविधि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने विधायक चंद्राकर का छात्र कल्याण एवं जागृति हेतु आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांग आवासीय विद्यालय में हुआ खेलकूद

- दिव्यांग बच्चों ने नशामुक्ति और प्राकृतिक सौंदर्य की उकेरी आकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पाण्डे के निर्देशानुसार शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। बच्चों ने नशामुक्ति और प्राकृतिक सौंदर्य पर चित्रकारी की। इसमें प्रथम मायावती शेष, द्वितीय नीलिमा साहू रहे। कुर्सी दौड़ में प्रथम यमन ध्रुव, द्वितीय खिलेंद्र साहू रहे। गोली चम्मच खेल में प्रथम अंजलि लहरे, द्वितीय सीताराम तारक रहे। बुक बैलेंस में प्रथम पिंकी नागरची, द्वितीय तुलेश्वर साहू रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्तर्गत एकल नृत्य में प्रथम खेमराज साहू, युगल नृत्य में महक तारक और पूनम ध्रुव और सामूहिक नृत्य मेंचुन्नीलाल साहू, यशवंत ध्रुव और प्रीतम पाल ने अपना स्थान बनाया। कार्यक्रम का संचालन जानकी ध्रुव विशेष शिक्षिका ने किया। खिलेश्वरी ध्रुव ने श्रवण बाधित बच्चों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से नृत्य कराया गया। तोरण तुरकाने द्वारा अंजलि लहरे और यमन ध्रुव को गीत गायन कराया। एनकुमारी साहू, कुलेश्वरी ध्रुव ने बच्चों को नशामुक्ति, प्राकृतिक सौंदर्य से संबंधित चित्र बनवाया। मनीषा साहू ने प्रतियोगिता संपन्न कराई।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार साहू, उदय गंगोई सचिव, खेमचंद जंजीर कोषाध्यक्ष का सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन दिव्यांग आवासीय विद्यालय की अधीक्षक मनीषा नेताम ने किया।

# कांग्रेसी पार्षदों की हड़ताल 13वें दिन भी जारी

- नगाड़ा बजाकर प्रशासन को जगाने का किया प्रयास




**कुरुद।** कथित जनविरोधी फैसलों के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन तेरहवें दिन भी जारी रहा। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की चुप्पी के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने नगाड़ा बजाकर शासन-प्रशासन को जगाने का प्रयास किया। धरनास्थल पर जमकर नारेबाजी हुई और जनहित की मांगों को शीघ्र पूरा करने की चेतावनी दी गई। शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनता की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि जब तक न्याय नहीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस आंदोलन में नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू , मंजू साहू, उत्तम साहू, राखी चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव, वरिष्ठ कांग्रेस प्रहलाद चंद्राकर, दुर्गेश साहू, पूर्व ब्लाक प्रमोद साहू पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, ब्लॉक महामंत्री पप्पू राजपूत, लवकुमार चंद्राकर, रामप्यारे साहू, यक्ष कुमार युवा कांग्रेस महासचिव, ओबीसी नेता संतोष प्रजापति, ब्लाक मीडिया प्रभारी, तुकेश साहू, राजू सिन्हा, गणेश सहित अनेक नगरवासी उपस्थित रहे।

### बालाजी दिव्यांग स्कूल के छात्रों को मिला प्रशिक्षण

**धमतरी।** छग रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत जिलाधीश अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसा डिप्टी कलेक्टर डां कल्पना ध्रुव, डा. मनीषा पाण्डे उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन एवं दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सहयोग से नगरी विकासखंड के बालाजी दिव्यांग स्कूल देऊरपारा में दिव्यांग छात्रों को गोबर की धूपबत्ती, समरानी कप , हवन कुंड, शुभ लाभ, गोबर के दीये बनाने का प्रशिक्षण डां पोषण सिन्हा एवं दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण होलाराम एवं रामेश्वरी साहू दवारा दिया गया।

# बाबा ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महान समाज सुधारक एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर नगरी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने गुरु घासीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा शोभायात्रा में शामिल होकर समाज को एकता, समरसता और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कमल डागा, नागेंद्र शुक्ला, अखबर कश्यप, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, नगर पंचायत पार्षद चुलेश्वरी साहू, देवचरण ध्रुव समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सलोनी में मितानिनों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

**कुकरेल/धमतरी।** ग्राम पंचायत सलोनी के पंचायत भवन में मितानिनों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव के नेतृत्व तथा पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता से मितानिनों का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में सरपंच श्रीमती रोमी ध्रुव ने कहा कि मितानिनों द्वारा जो पुण्य का काम किया जाता है, वह सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। इस दौरान मितानिन श्रीमती दशोदाबाई ध्रुव, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती शांति ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दुर्गा साहू, श्रीमती ईश्वरी ध्रुव तथा मोहनी कंवर का सम्मान किया गया। खेल स्पर्धा भी रखी गई। इस अवसर पर एमटी श्रीमती चित्ररेखा साहू, वार्ड पंच ओमप्रकाश देशमुख, सियाबाई साहू, लक्ष्मी नागेश, देवबती ध्रुव, इन्दिरा धृतलहरे उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे : रंजना



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बंजारी में संत शिरोमणि गुरु बाबा घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू रही।श्रीमती साहू ने संत गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सतनाम समाज द्वारा पारंपरिक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज को जात-पात, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानव-मानव की समानता का संदेश दिया। मनखे-मनखे एक समान की विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस समय थी। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा के आदर्श हमारे जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। जिपं सदस्य मोनिका देवांगन ने कहा कि गुरु बाबा घासीदास का जीवन त्याग, तपस्या और मानव कल्याण को समर्पित रहा। ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत मजबूत होती है। मौके पर जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू, दर्री सरपंच हिमांशु साहू, निरंजन साहू, बंजारी सतनामी समाज अध्यक्ष धरमदास महिलांगे, कोषाध्यक्ष अशोक खुंटे, सचिव कालीचरण सिमोर, अगर सिंह ध्रुव, चंद्रप्रकाश साहू, उदयराम महिलांगे, गणेशु बांधे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जनपद अध्यक्ष ने बांटी कृषि आदान सामग्री

- 17 महिला समूहों को वितरित हुए जैविक खाद व कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



जिले में फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए डीएमएफ फंड से कृषि आदान सामग्री प्रदान की जा रही है।

शनिवार को कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत जोरातराई (सिलौटी) में कृषि विभाग द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद के करकमलों से गांव की 17 महिला समूहों को दलहन तिलहन लगाने वाले बिहान समूह से जुड़ी किसान महिलाओं को खेती में प्रोत्साहित करने मिट्टी की उर्वरता और फसल के पोषण के लिए आवश्यक जैविक उर्वरक, फसलों को कीटों और रोगों से बचाने के लिए प्रभावी और सुरक्षित कीटनाशक व अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई।

### दलहन-तिलहन के रकबे में हुई है वृद्धि

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुरुषोत्तम सिन्हा ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस बार दलहन-तिलहन के रकबे में वृद्धि देखी जा रही है। जिसमे महिला समूहों की विशेष भागीदारी देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ फंड से कृषि विभाग द्वारा एनपीके कन्सोर्टिया, पीएसबी कल्चर, जेडएसबी कल्चर व ट्राइकोडर्मा विरडी का वितरण उपयोग के तरीके बताकर किया गया।

### सरकार की योजनाओं का लाभ लें

इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि फसलों के उत्पादन क्षमता में वृद्धि एवं रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देने जिला प्रशासन के माध्यम से आदान सामग्री वितरित करवाई जा रही है जिसका लाभ ले किसान आर्थिक रूप से सक्षम बने।

इस अवसर पर सरपंच प्रीति साहू, कृषि सखी इंद्राणी साहू, कृषि मितान भुनेश्वर साहू, किसान सोनम साहू, खेमलता साहू, किरण साहू, विनीता साहू, गंगा साहू, खिलेश्वरी, सुखंतीन बाई, गंगा बाई, खेमिन समेत बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्य उपस्थित थी।

# आकलन शिविर में 6 दिव्यांग बच्चों का बना प्रमाण-पत्र



- सिकलसेल से 6 पीड़ित, मानसिक मंदता 3 तथा बहु दिव्यांगता से ग्रसित 1 बच्चे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखंड नगरी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए द्वितीय चरण स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रमाणीकरण आकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, प्रमाणीकरण तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में कुल 66 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 30 बच्चे, 23 पालक तथा 13 शिक्षक शामिल रहे। परीक्षण के दौरान सिकलसेल से पीड़ित 6, मानसिक मंदता से ग्रसित 3 तथा बहु-दिव्यांगता से ग्रसित 1 बच्चे की पहचान की गई। शिविर में 6 बच्चों के दिव्यांग प्रमाण-पत्रों का नवीनीकरण किया गया, वहीं 5 बच्चों को नवीन प्रमाण-पत्र जारी किए गए।

दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही शिविर में उपस्थित सभी बच्चों एवं उनके पालकों को यात्रा भत्ता का भुगतान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. डीएस देव, डॉ. नरेश कामड़े, डॉ. अखिलेश देवांगन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन में बीआरसी प्रकाश साहू, सुरेन्द्र लोन्हारे, नरेश कौशल, टिकेश साहू, रामकुमार साहू, दीपनारायण दुबे, नेकेश्वर साहू, सचिन सोनी, चंद्रभान गजपाल, शमा रिजवाना, अजीत मंडावी एवं दुगेश्वरी नाग का योगदान रहा।

हरदिहा साहू समाज भवन में हुई भाजपा की परिचयात्मक बैठक

# संगठन में नियुक्ति केवल पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी है : किरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी की परिचयात्मक बैठक हरदिहा साहू समाज भवन में हुई। बैठक में जिले की प्रभारी श्रीमती किरण बघेल, धमतरी विधानसभा प्रभारी शविकास मरकाम, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष नेहरू निषाद, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी प्रीतेश गांधी उपस्थित थे।

श्रीमती किरण बघेल ने कहा कि संगठन में नियुक्ति केवल पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी और सेवा का अवसर होती है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पार्टी की रीति-नीति को अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करें।

विकास मरकाम ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ, मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर सक्रियता आवश्यक है। आने वाले समय में सभी पदाधिकारी जनसंपर्क और संगठन विस्तार को प्राथमिकता दें। प्रकाश बैस ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। 25 दिसंबर को अटल जयंती को स्मृति दिवस के रूप में जिलेभर में विभिन्न रचनात्मक, सेवा एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी अटल जी के विचारों से प्रेरणा ले सके। मौके पर विजय साहू, ठाकुर शशि पवार, कविंद्र जैन, बीथिका विश्वास, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता यादव, अर्चना चौबे, सरला जैन, कौशल्या देवांगन, ज्योति साहू, अंगिरा ध्रुव, खिलेश्वरी किरण, मोनिका देवांगन, पवन ग़जपाल, शुभम जायसवाल, ऋषभ देवांगन, ज्ञानिक रामटेके, जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन महामंत्री राकेश साहू और आभार व्यक्त महामंत्री महेंद्र पंडित ने किया।

# करेली बड़ी सोसाइटी में 46 प्रतिशत ऋण की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदी हो रही है। ग्रामीण सोसाइटी करेली बड़ी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हो रही है। अब तक किसानों से 46 प्रतिशत ऋण वसूली हो चुकी है। उपार्जन केन्द्र में 28910.40 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। समिति प्रबंधक नत्थू राम सोनकर ने बताया कि 15 नवंबर से लेकर 17 दिसम्बर तक 615 किसान ने 28910.40 क्विंटल धान बेच चुके हैं जिसमें मोटा धान 9413.60, सरना धान 19496.80 क्विंटल धान है। 1431 कृषकों ने धान बेचने के लिए पंजीयन करवाया था। जिसमें 51 कृषक नए हैं। कृषक 6 करोड़ 84 लाख 88 हजार 737.60 रूपये का धान बेच चुके हैं। 1 करोड़ 83 लाख 61 हजार 797.40 रूपये ऋण की वसूली हो चुकी है। 5 करोड़ 1 लाख 26 हजार 940.20 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया गया है। 46 प्रतिशत ऋण वसूली हो चुकी है। ब्लॉक के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान का परिवहन नहीं होने से फड़ में धान जाम हो चुका है।

## खबर संक्षेप



### शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस आज

**धमतरी।** छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंड़ समाज, सर्व आदिवासी समाज, जीएसयू जिला बेमेतरा द्वारा 21 दिसम्बर को शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस का आयोजन दुर्ग रोड कृषि उपज मंडी बेमेतरा में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि केदार कश्यप वन मंत्री व अति विशिष्ट अतिथि दीपेश साहू विधायक बेमेतरा होंगे। अध्यक्षता आरएन ध्रुव प्रांतीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासेवि संघ रायपुर (छग) करेंगे। विशिष्ट अतिथि विजय सिन्हा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बेमेतरा, मुरीत मंडावी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बेमेतरा, दरबार सिंह नेताम अध्यक्ष गोंड समाज बेमेतरा, श्रीमती हेमा जय दिवाकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, हिरऊराम ध्रुव अध्यक्ष अ.ज.जा.शा. सेवक विकास संघ बेमेतरा, महादेव नेताम अध्यक्ष धर्म संस्कृति विभाग बेमेतरा होंगे।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**धमतरी।** प्रदेश महार-महरा समाज के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को मेश्राम फार्म हाउस रानीतराई (औंसर) में होगा। सम्मेलन में शामिल होने समाजजन धमतरी परगना अध्यक्ष श्रवण मेश्राम के नेतृत्व में रानीतराई के लिए रवाना होंगे। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न अंचल से समाज के युवक–युवतियां एवं वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में वैवाहिक समन्वय स्थापित करना, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना तथा युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजन, परगना अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मार्गदर्शन करेंगे।

### कुकरेल में 23 को श्री साईं जन्मोत्सव, स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित होगा

**धमतरी।** छोटा शिरडी धाम स्थित साईं मंदिर कुकरेल में 23 दिसंबर को श्री साईं जन्मोत्सव, स्थापना दिवस, साईं मेला एवं नववर्ष मिलन समारोह मनाया जाएगा। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित होगा। कार्यक्रम आयोजक डॉ. संजय तिवारी एवं सुलेखा तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4 बजे कांकड़ आरती से होगी। इसके बाद शाही स्नान, पूजा-पाठ, जप-तप एवं प्रातः आरती के साथ वातावरण भक्तिमय बनेगा। सुबह 7 से 10 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम एवं देवी-देवताओं का आह्वान किया जाएगा। 11 बजे ग्राम में साईं पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति, तत्पश्चात भजन-कीर्तन होगा। शाम 3 बजे से छत्तीसगढ़ी ऑर्केस्ट्रा का आयोजन रहेगा। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सा परामर्श, रक्त जांच, दवा वितरण की व्यवस्था रहेगी। समिति के संरक्षक त्रतुराज पवार ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।



### अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन व सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में अधिकारी- कर्मचारी सम्मेलन 2025 एवं सेवानिवृत्त नवनियुक्त सम्मान समारोह का आयोजन 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे से साहू समाज भवन नगरी में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा होंगे। अध्यक्षता तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष कंवल राम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि हृदय लाल साहू, पुनीतराम साहू, अंगदलाल साहू, दीनानाथ साहू, योगेंद्र कुमार साहू, भुवनेश्वरी साहू, देवेश कुमार साहू, गौरव साहू, वैभवी साहू, चंद्रभान साहू, रामनाथ साहू, गैंदलाल साहू, एमआर साहू, सोमेंद्र साहू एवं प्रकाश साहू होंगे। इस दौरान पीएससी में चयनित देवेश कुमार साहू डिप्टी कलेक्टर, गौरव कुमार साहू सहायक संचालक ग्रामीण विकास विभाग, वैभवी साहू सहायक संचालक महिला बाल विकास, चंद्रभान साहू आबकारी उपनिरीक्षक बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा पर टिप्स देंगे।

## जमीन, मकान का बनेगा ऑनलाइन रिकॉर्ड, सर्वे के लिए 48 विशेष टीम का गठन

# ड्रोन और 3-डी तकनीक से धमतरी शहर का डिजिटल नक्शा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर को स्मार्ट और व्यवस्थित बनाने की दिशा में धमतरी नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ड्रोन और 3-डी मैपिंग तकनीक का उपयोग कर पूरे शहर का डिजिटल सर्वे किया गया है। अब इस परियोजना के दूसरे चरण में जमीनी स्तर पर भौतिक सत्यापन का कार्य तेज़ी से जारी है।

करीब 23.5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले धमतरी नगर निगम क्षेत्र का हाईटेक डिजिटल नक्शा तैयार किया जा रहा है। इस नक्शे में प्रत्येक मकान, दुकान और खाली प्लॉट का सटीक रिकॉर्ड दर्ज होगा। परियोजना का उद्देश्य भूमि और संपत्ति से जुड़े विवादों को खत्म करना, रिकॉर्ड को अपडेट करना और शहरी विकास योजनाओं को आसान बनाना है।

यह प्रोजेक्ट धमतरी, गोकुलपुर, सोरिदभाट, बठेना और हटकेश्वर सहित कुल 5 क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। नगर निगम के 40 वार्डों को बेहतर प्रबंधन के लिए 12 क्लस्टर में बांटा गया है। सर्वे कार्य के लिए 48 विशेष टीमों का गठन किया गया है, जिनमें राजस्व निरीक्षक, पटवारी, नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक और चैनमैन शामिल हैं। निगरानी के लिए उपायुक्त निगम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और भू-अभिलेख विभाग के अधिकारी प्रभारी बनाए गए हैं।

पहले चरण में शुरू हुए इस काम को एक महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में ड्रोन सर्वे के माध्यम से गोकुलपुर, सोरिदभाट, बठेना और हटकेश्वर जैसे इलाकों का हवाई सर्वे पूरा किया जा चुका है। अब उन्हीं आंकड़ों का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

सर्वे पूर्ण होने के बाद संपत्ति मालिकों को अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इससे नजूल रिकॉर्ड अपडेट होंगे, टैक्स संग्रहण में पारदर्शिता आएगी और जमीन से जुड़े विवादों का समाधान आसान होगा। तीसरे चरण में नागरिकों से दावा और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, जिनका निराकरण कर अंतिम रिकॉर्ड ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

कलेक्टर ने सर्वे कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध और सटीक कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से तैयार किया जा रहा यह डिजिटल नक्शा भविष्य में शहरी विकास की योजनाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

ड्रोन, 3-डी मैपिंग और निडार सेंसर जैसी उन्नत तकनीकों से तैयार हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल प्रशासन के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी सुविधा और पारदर्शिता का नया अध्याय खोलने जा रहा है।

## हर व्यक्ति को अपने जीवन में शिव महापुराण की कथा सुननी चाहिए : गांधी



- शिव महापुराण कथा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम दर्री में सात दिन तक चली शिव महापुराण कथा का समापन 20 दिसंबर को हुआ।

भगवान शंकर द्वारा माता पार्वती को कैलाश पर्वत से सुनाई गई कथाओं का विस्तार से वाचन करते हुए व्यासपीठ से पंडित सुरेंद्र महाराज ने बताया कि वर्तमान में सुख, शांति, समृद्धि के साथ ही प्रत्येक मनोकामना की पूर्ति का एक शाश्वत ग्रंथ है शिवमहापुराण। समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं राजेंद्र शर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि सृष्टि के सृजन के शाश्वत स्रोत भगवान शंकर एवं माता पार्वती हैं जिसके माध्यम से ही हम सब सनातन परंपरा के सभी संस्कारों को प्रतिपादित करते हुए अपने मानव जीवन को धन्य करते हैं।

शिव महापुराण की कथा का श्रवण प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में करना चाहिए। मौके पर दयाराम साहू, गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, हिमांशु साहू सरपंच, निरंजन साहू उपसरपंच, गौरीशंकर महिला सेवा समिति के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिव महापुराण की कथा सुनने से जीव का कल्याण होता है : पं. मोहितराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम खरेंगा में शिव महापुराण कथा का आयोजन 18 से 24 दिसंबर तक किया गया है। आयोजनकर्ता मोतीराम साहू हैं। कथावाचक मध्यप्रदेश के सीहोर से पधारे पं. मोहितराम पाठक ने शिव महापुराण कथा के दौरान सनातन धर्म और शिव भक्ति का संदेश दिया। आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की इस पावन भूमि पर भगवान राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव विराजमान हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार महानदी, पैरी और सोंढूर के संगम पर माता सीता ने महानदी की रेत से पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शंकर की पूजा की थी। माता सीता की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव पंचमुखी रूप में प्रकट हुए और जल ग्रहण किया। यह शिव आराधना की भूमि है। कथावाचक ने आगे कहा कि शिव महापुराण की कथा का श्रवण करने से जीव का कल्याण होता है। पापी व्यक्ति भी पवित्र हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को अपने-अपने स्तर पर योगदान देना चाहिए। भगवान शिव ही एकमात्र परमात्मा हैं, जो समस्त सृष्टि का उद्धार कर सकते हैं। ग्राम खरेंगा में कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा सुनने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



## उपेक्षा का शिकार हो रहा शीतलापारा वार्ड

- पार्षद मद को अपनी प्राथमिकता के हिसाब से खर्च नहीं कर पा रही हूं : पार्षद उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नगर निगम का वार्ड क्रमांक 2 शीतलापारा वार्ड विकास की बाट जोह रहा है। यहां की पार्षद अपनी पार्षद निधि मद की राशि को जिम सामग्री, सामुदायिक शौचालय, कला मंच भवन आदि के लिए खर्च नहीं कर पा रही है। पार्षद मद की राशि को नाली और सड़क कार्य में खर्च करने लिए दबाव बनाया जा रहा है।

शीतलापारा वार्ड अनुसूचित जनजाति महिला आरक्षित वार्ड है। 200 से अधिक मतों से जीतकर कांग्रेस से पार्षद बनी श्रीमती उमा भागीरथी ध्रुव ने बताया कि उनका वार्ड उपेक्षा का शिकार हो गया है। एक साल बीतने के बाद भी कोई काम नहीं हुआ है। पार्षद मद की राशि से पुराने शौचालय का जीर्णोद्धार कराया गया है। उनके वार्ड में बहुत सारे काम हैं। नागसागर तालाब, शीतलातालाब का सौंदर्यीकरण होना है। उन्होंने बताया कि शहर के नाग सागर तालाब में चार वार्डों के लोगों की निस्तारी होती है। इसका टो वाल जगह-जगह टूट चुका है। तालाब किनारे बनाए गए ओपन जिम की बाउंड्रीवाल टूटकर गिरने लगी है। जिम सामग्री भी खराब हो चुकी हैं। तालाब के चारों तरफ लगाई गई स्ट्रीट लाइट सिर्फ दिखावे की रह गई है। उन्होंने बताया कि शीतलापारा में ऐतिहासिक नाग मंदिर है। यहां हमेशा धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। सैकड़ों श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाधन की आवश्यकता है। उन्होंने पार्षद निधि से प्रसाधन के लिए आवेदन दिया है लेकिन निगम शासन और प्रशासन रोड, नाली में पार्षद मद की राशि को लगाने का दबाव डाल रहे हैं। वार्ड में जिम भवन और जिम सामग्री के लिए आवेदन दिया गया है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं है।

### पाइपलाइन का काम अधूरा, रोड भी खराब



पार्षद श्रीमती उमा भागीरथी ध्रुव ने बताया कि मुजगहन स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से नाग सागर तालाब में पानी पहुंचाने पाइपलाइन बिछाई गई है। बारिश में पाइपलाइन बिछाने से रास्ता पूरा खराब हो गया है। आज भी लोग इस रास्ते में गिरकर घायल हो रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा हुआ है। निगम में विपक्ष पार्टी के पार्षद के साथ भाई भतीजावाद हो रहा है।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में क्रिसमस डे एवं आनंद मेला का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमेन डॉ. एएफ पिंटो एवं डॉ. श्रीमती ग्रेस पिंटो के निर्देशन में क्रिसमस डे मनाया गया। क्रिसमस समारोह के अतिथि डॉ. एस. मिलाप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा, नॉर्मन रोड्रिग्स भूतपूर्व टाटा मोटर्स, जमशेदपुर के मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर के डिविजनल हेड एवं थियोफिलस राजू अजीम प्रेमजी फाउंडेशन धमतरी थे। कार्यक्रम में गणमान्य पालक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर ईश्वर वंदना एवं बच्चों द्वारा नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया। क्रिसमस टेब्ल्यूज का भी मंचन किया गया जो प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित था। सेंटा क्लाज का आगमन बच्चों के हषोल्लास का प्रमुख केंद्र रहा। इस अवसर पर डॉक्टर मिलाप ने क्रिसमस का अर्थ बताते हुए इसकी प्राचीनता पर प्रकाश डाला और बच्चों को प्रेम और सहिष्णुता के प्रति प्रेरित किया। नॉर्मन रोड्रिग्स ने एक कहानी के माध्यम से प्रेम का महत्व और प्रभु यीशु के आदर्शों की मानव जीवन में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानव जीवन के लिए भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास को आवश्यक बताया। इस अवसर पर स्कूल में आनंद मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे अपने-अपने स्टाल पर अपनी कुशल वाकपटुता से ग्राहकों को रिझाते हुए नजर आये। पालकों ने उनका भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर बच्चों में जोश एवं उत्साह देखा गया।

## हिंदू जागरण मंच ने गौ तस्करों का पुतला फूंका

आक्रोश रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी धमतरी को ज्ञापन सौंपा



**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच एवं गौ सेवक संघ धमतरी के नेतृत्व में गुरूर ब्लाक के ग्राम भरदा में कथित गौ तस्करी की घटना को लेकर शनिवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। बताया गया कि 6 दिसंबर की रात लगभग 11:30 बजे 9 गौ वंशों को एक छोटे हाथी वाहन में भरकर ले जाया जा रहा था। आरोप है कि तस्करों के पास गौ वंश व्यापार से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं थे और न ही भारत सरकार के पशु क्रूरता अधिनियम 1960 तथा छत्तीसगढ़ सरकार के गौ संरक्षण अधिनियम 2004 व जुलाई 2024 के प्रावधानों का पालन किया गया। गौ सेवकों का आरोप है कि कुछ समाज प्रमुखों द्वारा गौ तस्करों को संरक्षण दिया गया और गुरूर पुलिस पर दबाव बनाकर गौ सेवकों पर ही कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी के विरोध में हिन्दू जागरण मंच नगर धमतरी एवं गौ सेवकों ने घड़ी चौक से आक्रोश रैली निकालकर सिटी कोतवाली गांधी मैदान में गौ तस्करों व उनके समर्थकों का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने गौ तस्करी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी धमतरी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि गौ सेवकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया और आरोप वापस नहीं लिए गए तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन एवं गुरूर थाना घेराव किया जाएगा।

## शिव महापुराण कथा में भगवान राम का जन्मोत्सव मना





**धमतरी।** शिव शक्ति महिला मंडल बनियापारा धमतरी के तत्वावधान में संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। तृतीय दिवस शनिवार को भगवान श्री रामचंद्र का जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



- बोटाक्स-फिलर
- थ्रेड लिफ्ट
- स्किन पॉलिशिंग
- लेज़र फेशियल

पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON



20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### शोक संदेश (पंचनहावन आज)



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
**श्री रामलाल मत्स्यपाल**
(सेवानिवृत्त प्रधानपाठक)
का स्वर्गवास दिनांक 16.12.2025 मंगलवार को हो गया है।
अत: आप सपरिवार पधारकर सतलोक गमन आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।

**पंचनहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम**
दिनांक : 21 दिसंबर 2025, रविवार
निवास स्थान - विंध्यविहार कॉलोनी
शीतला मंदिर के पास, विंध्यवासिनी वार्ड, धमतरी
( तालाब कार्यक्रम : दोपहर 12 बजे से शीतला मंदिर तालाब)

स्व. श्री रामलाल मत्स्यपाल
जन्मतिथि : 01/07/1944
स्वर्गवास : 16/12/2025

शोकाकुल परिवार :
महेश, बलराम, धनंजय, दुष्यंत
मोहनीश, सौरभ, विकास, जयदेव
रोहिणी, डॉली, खुशबू, संतोषी
पूजा, हिमांश, विदिश, देवेन्द्र, संतोष
मोनू एवं समस्त फुटान परिवार

विनीत
हेमकांत - प्रभादेवी मत्स्यपाल
निर्मल - ललितादेवी मत्स्यपाल
सोमप्रकाश - चित्ररेखा मत्स्यपाल
तीरथराज - सुनीतादेवी मत्स्यपाल
बालकृष्ण - यामिनी मत्स्यपाल

जिस किसी स्नेहीजन को शोक पत्र न मिला हो वह कृपया इसी को आमंत्रण स्वीकार करें।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज